**-प्रेस नोट-**

**जनपद मुजफ्फरनगर**

**दिनांक 27.08.2025**

❖ **थाना भोपा पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 27.08.2025 को थाना भोपा पर नियुक्त उ0नि0श्री साजिद खान मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0स0 276/025 धारा 109(1)/115(2)352/351(3) बीएनएस व 3(2)5 व 3(1)द,ध एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त 1- हेमन्त पुत्र हवा सिंह निवासी मोरना थाना भोपा मु0नगर 2- काकू उर्फ हर्ष पुत्र अरूण निवासी दरियाबाद थाना ककरौली थाना मु0नगर को ककराला रजवाहे की पुलिया से गिरफ्तार किया गया।

❖ **थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 27.08.2025 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री रामवीर सिंह मय हमराहिगण द्वारा वाद संख्या 1154/9/16 धारा 323,504,506 भादवि में वारण्टी अभियुक्त जमशेद पुत्र शमशाद निवासी नई बस्ती सुभाषनगर थाना नई मण्डी मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किय गया।

❖ **थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 27.08.2025 को थाना पुरकाजी पर नियुक्त उ0नि0 श्री शिवराज सिंह मय हमरहिगण द्वारा वाद संख्या – 9943/16 मु0अ0सं0- 408/16 धारा 498ए, 323, 504, 506 भादवि में वारण्टी अभियुक्त सोनू पुत्र रमेश निवासी ग्राम दोडवसी थाना भगवानपुर हरिद्वार को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

❖ **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 27.08.2028 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री नितिन कुमार मय हमराहिगण द्वारा वाद सं0 8698/9/17 धारा 392/411 भादवि0 में वारण्टी अभियुक्त सत्यम उर्फ अक्षय पुत्र महक सिंह निवासी बधाई खुर्द थाना कोतवालीनगर मु0नगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

❖ **थाना तितावी पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 27.08.2025 को थाना तितावी पर नियुक्त उ0नि0 श्री अजयपाल सिंह मय हमराहिगण द्वारा मु0अ0सं0 220/25 धारा 115(2)/352/351(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त वंश पुत्र स्व0 श्री राकेश कुमार निवासी मौहल्ला कृष्णापुरी थाना कोतवाली नगर जनपद मुजफ्फरनगर को ग्राम जागाहेडी से गिरफ्तार किया गया।

❖**थाना खालापार पुलिस द्वारा 1300 करोड से अधिक रूपयों के फर्जी ई-वे बिल व अन्य प्रपत्र बनाकर करोडों रूपये की जीएसटी चोरी कर राजस्व को हानि पहुंचाने वाले 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार।गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से फर्जी ई-वे बिल व अन्य प्रपत्र तैयार करने में प्रयुक्त किये जाने वाले लैपटॉप व प्रिन्टर, मोबाईल, फर्जी मौहरे, फर्जी बिल, फर्जी धर्मकांटे की पर्ची, अन्य फर्जी दस्तावेज आदि बरामद।**

दिनांक 26.08.2025 को प्रभारी निरीक्षक खालापार श्री महावीर सिंह चौहान मय उ0नि0 पिंकू सिंह मय हमराहिगण को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि मेरठ रोड स्थित जेड0के0 कॉम्पलैक्स में कुछ लोगों के द्वारा फर्जी फर्मो के बिल व फर्जी जीएसटी बिल व धर्मकांटो की फर्जी रसीदों से ई-वे बिल तैयार कर जीएसटी चोरी का कार्य किया जा रहा है । मुखबिर की सूचना पर विश्वास करकें मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर दबिश दी गयी तो जेड0के0 कॉम्पलैक्स के अन्दर 02 लोग मौजूद मिले जो लैपटाप पर काम कर रहे थे व धर्मकांटे की फर्जी पर्ची लैपटॉप पर तैयार कर प्रिन्ट दे रहे थे। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया तथा पूछताछ की गयी तो अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि वह फर्जी ई-वे बिल व अन्य प्रपत्र तैयार कर रहे हैं जिनका प्रयोग जीएसटी चोरी के लिये किया जाता है। थाना खालापार पुलिस द्वारा अभियुक्तगण के कब्जे से 03 मोबाईल फोन तथा भिन्न- भिन्न ट्रान्सपोर्टर, धर्मकांटा तथा फर्मों के नाम की कुल 103 मोहरे, लैपटॉप, प्रिन्टर, धर्मकांटों की फर्जी पर्ची, ट्रांसपोर्ट कम्पनी की फर्जी पर्ची तथा अन्य प्रपत्र व उपकरण बरामद किये गये। इसके साथ ही फर्जी प्रपत्रों से तैयार 120 बिलों की फाईलें भी बरामद की गयी । थाना खालापार पुलिस द्वारा जीएसटी विभाग को सूचित कर मौके पर बुलाया गया तथा बरामद फाइलों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु जीएसटी टीम के सुपुर्द किया गया। केन्द्रीय व राज्य जीएसटी टीम द्वारा प्राप्त दस्तावेजों/फाईलों का निरीक्षण कर करोड़ों रूपये की जीएसटी चोरी करने की पुष्टी की गयी। इस सम्बन्ध में थाना खालापार पर मु0अ0सं0 154/25 धारा 318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया तथा 02 अभियुक्त मोहम्मद नदीम सैफी पुत्र मोहम्मद अनीस सैफी निवासी ग्राम लिसाडी थाना लिसाडी गेट जनपद मेरठ व मोहम्मद समीर पुत्र मोहम्मद शमीम निवासी ग्राम सरवट थाना सिविल लाईन जनपद मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

❖**थाना बुढाना पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड 01 अभियुक्त गिरफ्तार, लूट की मोटरसाइकिल व अवैध शस्त्र बरामद-**

दिनांक 26.08.2025 को थाना बुढाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री संदीप कुमार मय हमराहिगण द्वारा थाना बुढाना पर पंजीकृत मु0अ0सं0 352/2025 धारा 115(2), 309(4) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त रॉबिन पुत्र उदयपाल निवासी ग्राम कुरथल थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर को दौराने पुलिस मुठभेड परासौली नहर पटरी से गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्त के कब्जे से उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित 01 स्पलेण्डर मोटरसाइकिल नं0 HR 05 R 8510 व 01 तमंचा मय 01 जिंदा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये।